## सार-समाचार

### अवैध आवासीय योजनाओं पर कार्रवाई

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में अवैध कॉलोनियों, सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों एवं अन्य अतिक्रमणों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की गई । जेडीए द्वारा मंगलवार को ग्रामतिंवरी के खसरा संख्या 609 में अवैध आवासीय कॉलोनी को खुर्द-बुर्द किया गया। तहसीलदार जोन-05 अजीतपाल सिंह यादव के निर्देशन में जेडीए दस्ते द्वारा ग्रामतिंवरी के ख.सं. 609 का मौका निरीक्षण के दौरान लगभग 5 हैक्टेयर भूमि पर ठोवल सडकें बनाकर, भूखण्ड़ों के मुटाम लगाकर 240 भूखण्ड़ों की श्रीराम नगर नाम से अवैध आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण दस्ते द्वारा कृषि भूमि पर बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये एवं प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति विकसित की जा रही अवैध आवासीय कॉलोनी में ठोवल सडकें एवं भूखण्ड़ों के मुटामों को चार जेसीबी की सहायता से खुर्द-बुर्द कर एवं ध्वस्त कर हटाया गया। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, जोगेन्द्रसिंह चैधरी, प्रवर्तन निरीक्षक योगेश गहलोत, भू-अभिलेख निरीक्षक जीवणसिंह, पटवारी महेशसिंह, पुलिस थाना मथानिय़ा मय पुलिस लाईन जाब्ता एवं जेडीए दस्ते द्वारा की गई। इसी प्रकार प्राधिकरण दस्ते द्वारा गत दिनों मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता एवं तहसीलदार जोन-06 प्रतिज्ञा सोनी के निर्देशन में राजस्व ग्रामकरवड़ के ख.सं. 254 व 258 का मौका निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण दस्ते द्वारा मौका निरीक्षण करते हुए कृषि भूमि पर बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये एवं प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति मुटाम लगाकर छोटे-छोटे भूखण्ड बनाकर, सड़क बनाकर एवं बिजली के पोल लगाकर अवैध रूप से विकसित योजना में निर्मित सड़क व बिजली के पोल को दो जेसीबी की ध्वस्त कर खुर्द-बुर्द किया गया। जेडीए दस्ते द्वारा अप्रार्थियों को सख्त हिदायत दी गयी कि कृषि भूमि पर प्राधिकरण की बिना सक्षम स्वीकृति एवं बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये किसी प्रकार की योजना विकसित नही करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### सड़क किनारे से हटाए अतिक्रमण

**सायला**, (निसं)। सायला नगर पालिका मंडल द्वारा शहर को जाम मुक्त बनाने और व्यवस्थाएं सुधारने के लिए शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन मंगलवार को भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहा। अधिशाषी अधिकारी (ईओ) सुशील राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित टीमों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्रवाई की। नगर पालिका की टीम द्वारा व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, पोस्ट ऑफिस रोड, ओटवाला मार्ग, शांतिपुरा मार्ग से अति मण हटाया गया। इस दौरान टीम ने सडकों और फुटपाथों पर अवैध रूप से रखी गई टेबल, लोहे की सीढयिां, साइन बोर्ड और अन्य सामान जब्त किए। कई दुकानदारों ने सडक सीमा तक टीनशेड लगा रखे थे, जिन्हें शीघ्र हटाने के सख्त निर्देश दिए गए। इधर कार्रवाई शुरू होते ही कई दुकानदार स्वयं अपना सामान समेटते नजर आए। प्रशासनिक सख्ती को देखते हुए कुछ स्थानों पर दुकानदारों और पालिका कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। हालांकि, विरोध के बावजूद दस्ता पीछे नहीं हटा और मार्ग को अवरोध मुक्त कराया। ईओ सुशील राजपुरोहित ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्तों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई दोबारा अतिक्रमण करता पाया गया, तो सामान जब्ती के साथ-साथ भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। अतिक्रमण हटने के बाद शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या झेल रहे लोगों और राहगीरों ने पालिका की कार्रवाई का स्वागत किया है।

### आकाशवाणी स्थापना के कार्यक्रम जारी

**जोधपुर**, (कासं) । आकाशवाणी स्थापना के 90 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में आकाशवाणी जोधपुर द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन पूरे वर्ष किया जा रहा है। आकाशवाणी जोधपुर के क्लस्टर प्रमुख और उप महानिदेशक राजेंद्र नाहर ने बताया कि आयोजनों की इस कड़ी में रेडियो की लोकप्रियता जन-जन में बढ़ाने के उद्देश्य से एक वॉकथोन का आयोजन आज आकाशवाणी से मटकी चौराहा तक किया गया । 13 मई को एक कार्यक्रम जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति सभागार में आयोजित किया जाएगा। ''स्वरोत्सव'' शीर्षक से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुगम संगीत संध्या का आयोजन होगा जिसमें भजन और गजलों की प्रस्तुति आकाशवाणी से मान्यता प्राप्त कलाकारों द्वारा दी जाएगी। जोधपुर के भजन गायक अनूपराज पुरोहित भजन प्रस्तुत करेंगे, उनके साथ ही आमिर हुसैन गजलों की प्रस्तुति देंगे। इनके साथ राजन द्वारका तबले पर और दीपक बोहरा बांसुरी पर संगत करेंगे। राजेंद्र नाहर ने बताया कि आकाशवाणी जोधपुर द्वारा आकाशवाणी के 90 वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की संख्या में जोधपुर की विभिन्न कॉलेजों में कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

### अधिक मास दर्शन परिक्रमा 6 को

**जालोर**, (कासं)। हिन्दू सेवा समिति जालोर की ओर से आयोजित होने वाली अधिक मास भव्य मन्दिर दर्शन परिक्रमा का आयोजन पीर शान्तिनाथ महाराज के आशीर्वाद से तथा गंगानाथ महाराज के सानिध्य में आगामी ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया, 6 जून को किया जायेगा। हिन्दू सेवा समिति के अम्बालाल व्यास ने बताया कि प्रत्येक तीन वर्ष बाद अधिक मास आता है। जिसमें समिति द्वारा नगर के मुख्य मन्दिरों के दर्शन का आयोजन किया जाता है। अबकी बार ये अधिक मास ज्येष्ठ माह का है इसी के तहत इस बार 14वीं नगर परिक्रमा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसको लेकर समिति सदस्यों ने ब्रह्मलीन शांतिनाथ महाराज के आशीर्वाद से भैरूनाथ अखाडा के गादीपति गंगानाथ महाराज से मिलकर ज्येष्ठ माह की कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि का शुभ मुहूर्त निकाला गया। भव्य नगर मन्दिर दर्शन परिक्रमा 6 जून को शहर के सूरजपोल स्थित गणपति मन्दिर पर भगवान को दीप प्रज्जवलन व आरती से शुरू होकर नगर के मुख्य मन्दिरों के दर्शन के साथ शाम को पुनः सूरजपोल स्थित सत्यनारायण मंदिर में महाआरती व प्रसादी के साथ विसर्जित होगी। इस अवसर पर समेलाराम माली, फुटरमल शर्मा, अर्जुनपुरी गोस्वामी, शंभूसिंह मंडलावत, मदनलाल माली, दिनेश लोहार, राजकुमार चौहान, मनीष गुप्ता, पोकरमल दाधीच, आलोक सोनी, नितेश भटनागर सहित बडी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया

**जसवंतपुरा**, (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसीन में अंतर्राष्ट ीय नर्सेज दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग कर्मियों के समर्पण, सेवा भावना एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ गजेंद्र चौधरी विशिष्ट अतिथि डॉ रितिका चौधरी डॉ अशोकसिंह राजपुरोहित एवं नर्सिंग ऑफिसर सांवलाराम सैन व भूताराम ने दीप प्रज्वलन एवं नर्सिंग सेवा की जनक फ्लोरन्स नाईटएंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नर्सेज स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ हैं, जो मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सिंग अधिकारियों पंकजकुमार, इंद्रा सैनी,मोनिकासिंह, एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का वातावरण बना रहा। अंत में सभी नर्सिंग कर्मियों को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

### गुलाब सागर बच्चा नहर की सफाई

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर के प्राचीन गुलाब सागर बच्चा नहर की सफाई को लेकर मंगलवार की सुबह जोधपुर के जिला कलेक्टर आलोक रंजन नगर निगम के कमिश्नर राहुल जैन सहित प्रशासनिक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे। नहर की साफ सफाई खुद कलेक्टर और कमिश्नर ने पहल करते हुए शुरू की, उन्होंने यहां गुलाब सागर में श्रमदान भी किया। इस दौरान साथ में मौजूद अन्य प्रशासनिक अधिकारी ने भी इस काम में हाथ बंटाया। कलेक्टर आलोक रंजन और नगर निगम कमिश्नर राहुल जैन की पहल के बाद नहर का स्वरूप बदला हुआ नजर आया। पहले जहां गंदगी और बदबू का आलम था, लेकिन अभियान के तहत सफाई होने के बाद नहर का स्वरूप बदला हुआ नजर आया। निगम प्रशासन ने अब यहां कचरा डालने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। बता दें कि गुलाब सागर बच्चा नहर को संवारने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। ऐसे में आज जब सुबह जिला कलेक्टर और निगम के कमिश्नर पहुंचे तो यहां पर सफाई का काम भी शुरू हो गया। लंबे समय से कचरा, प्लास्टिक की थैलियां से अटा पड़ा था। इस दौरान शहर विधायक अतुल भंसाली, भाजपा नेता हरि सिंह पंवार से लेकर आमजन भी इस सफाई अभियान में शामिल रहे।

# अमृत भारत योजना से संवर रहा है जालोर रेलवे स्टेशन

**जालोर**, (कासं)। प्रदेश के करीब 97 वर्ष पुराने जालोर रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत व्यापक स्तर पर कायाकल्प किया जा रहा है।

जालोर के इस रेल्वे स्टेशन को वर्ष 1929 में निर्मित इस स्टेशन के पुनर्विकास पर लगभग 18.74 करोड रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसको लेकर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने मंगलवार को समदडी-भीलडी रेलखंड स्थित जालोर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यो का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के अंतर्गत हो रहे इस कार्य का उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक,सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने जोधपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए जालोर स्टेशन पहुंचकर निर्माण कार्यो की गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने यात्रियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पुनर्विकास कार्य शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि स्टेशन पर नया भवन लगभग तैयार हो चुका है। पत्थर एलिवेशन,पेंटिंग और फिनिशिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा बुकिंग काउंटर को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय, वीआईपी कक्ष,रिटायरिंग रूम और डॉर्मिटरी भी तैयार किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था,विद्युत प्रणाली,सुरक्षा प्रबंध तथा विशेष रूप से सर्कुलेटिंग एरिया में बेहतर रोशनी और पार्किंग सुविधाओं का निरीक्षण किया।

स्टेशन परिसर में प्रवेश और निकास द्वार तथा बाउंड्री वॉल का निर्माण पूरा हो चुका है,जबकि शौचालय ब्लॉक में सेनेटरी फिटिंग्स और जल कक्ष से संबंधित कार्य जारी हैं।

जल्द पूरा होगा एफओबी का निर्माण कार्य:- यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवाजाही के लिए 12 मीटर चौडे फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इसके साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया में पत्थर कॉपिंग,पेंटिंग और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप और विशेष शौचालय, प्लेटफॉर्म शेल्टर,पेयजल बूथ, कोच डिस्प्ले बोर्ड,बेहतर साइनेज और आधुनिक फर्नीचर जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।

स्थानीय कला एवं संस्कृति का अनुरक्षण:- रेलवे द्वारा स्टेशन को स्थानीय राजस्थानी संस्कृति और पारंपरिक स्थापत्य शैली के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, ताकि स्टेशन की ऐतिहासिक पहचान भी बनी रहे।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(पश्चिम) तरुण बीका,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (लाइन) ललित कुमार,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सिग्नल एवं दूरसंचार) अनुपम कुमार,वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर महेंद्र कुमार मीणा,वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर(कर्षण) हरीश शर्मा तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रामनिवास जाट आदि मौजूद रहे।

# डीआरएम ने जोधपुर-बनाड़ रेलखंड पर सुरक्षा व संरक्षा मानकों की जांच की

**जोधपुर**, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में संरक्षा और यात्री सुविधाओं को लेकर मंगलवार को सख्ती देखने को मिली। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोधपुर-बनाड़ रेलखंड का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

डीआरएम ने जोधपुर-राईका बाग-जोधपुर कैंट रेलवे स्टेशनों का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे लाइनों के आसपास फैली गंदगी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा जगह-जगह तोड़ी जा रही रेलवे की दीवारों की मरम्मत करवाने तथा दोषियों की पहचान सुनिश्चित करने को कहा।

इसके बाद उन्होंने बनाड़ रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। स्टेशन परिसर में फीकी पड़ चुकी नाम पट्टिकाओं के नवीनीकरण,प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर पेड़ों की ट्रिमिंग,दीवारों के रंग-रोगन,पानी की प्याऊ की स्वच्छता,पर्याप्त रोशनी व्यवस्था और दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं के बेहतर संरक्षण के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन पर अन्य आवश्यक सेवाओं के उन्नयन पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (लाइन) ललित कुमार सहित बड़ी संख्या में इंस्पेक्टर और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# फ्लोरेंस नाइटेंगल को पुष्पांजलि अर्पित की

**जालोर**, (कासं)। फ्लोरेंस नाइटेंगल का जन्म दिवस मंगलवार को सामान्य चिकित्सालय जालोर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप में श्रद्धा के साथ मिस फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की व कैंडल जलाकर मनाया गया। साथ में उनके द्वारा दी गई नर्सिंग सेवा को भी याद किया गया।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने बीमार लोगों को ठीक करने के लिए बहुत से कार्य किया । वह लेडी ऑफ द लैंप के नाम से भी जानी गई। उन्होंने अस्पताल की हालत सुधारने के लिए सतत प्रयास किए । नर्सेज की जन्मदात्री लेडी विथ दा लैंप मिस फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने बिना स्वार्थ मरीजों की सेवा करके मानवता का परिचय दिया। इस तरह हम सभी नर्सिंग ऑफिसर को भी चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के सभी नर्सिंग ऑफिसर ने मिस फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा किए गए कार्य का अनुसरण कर चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने का निर्णय किया। आज के दिन को चिकित्सालय में सेवा भाव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक ईश्वर लाल नागर, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शहजाद खान, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुश्ताक अली, जिला मंत्री अरुण कुमार , पूर्व अध्यक्ष गौतम कुमार चिवडा, चिकित्सालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार गहलोत, छगनलाल गर्ग,रामलाल चौहान, रमजान खान, जयश्री पंवार , रमेश चितारा , चंद्र प्रकाश बामनिया,मोहम्मद ताहिर, पारसमल डाबी, शाहिना परवेज, गोविंद कुमार,कविता कँवर,दुर्गेश शेखावत,लक्षिता, खैमराज चौहान, नैना राम आदि मौजूद थे।

वही नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इर बार आहोर स्थित उपजिला अस्पताल में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंघल के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ पूरनमल मुणोत ने नर्सिंग कर्मचारियों को मरीजों की सेवा को सर्वोच्च धर्म बताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। इसी कडी में जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया की इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की थीम हमारे नर्सेज हमारा भविष्य रखी गई है। जिसका उद्देश्य नर्सो के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को बढावा देना है व नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि मानव सेवा का सबसे बडा माध्यम है। नर्से दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं ।कार्यक्रम के दौरान आहोर ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंघल ने आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था में नर्सिंग पेशे की बढती जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में नर्सिंग स्टाफ की सराहना की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेघवाल, डॉ अमित , डॉ देवीकानंदन, नर्सिंग अधीक्षक कैलाश वैष्णव , आहोर अध्यक्ष संजय सिंघल्र मेल नर्स कपूराराम , मेल नर्स कांतिलाल , नर्स रकमा , कौशिल्या , बंसन्त , ईएमटी स्टाफ जितेंद्र , एलटी जोशी , एवं ए एन एम प्रशिक्षणार्थी नर्स मौजूद रहे।

## हादसे में डंपर चालक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। 12 मील केरू के पास में मंगलवार की दोपहर में सड़क हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई

पुलिस के अनुसार पत्थरों के फाचरों से भरा एलपी ट्रक चौखा की तरफ जा रहा था और कट पर गाड़ी बैक लेते वक्त पीछे से आया खाली डंपर उसमें घुस गया। पुलिस ने शव की पहचान कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि पत्थरों की फाचरों से भरा एक एलपी ट्रक 12 मील केरू रोड से निकल रहा था। उसे चौखा की तरफ जाना था। बीच रास्ते में सड़क पर बने कट पर वह मुड़ नहीं पा रहा था। ऐसे में उसके चालक ने ट्रक को बैक लेने का प्रयास किया। इतने में डालीबाई चौराहा की तरफ जाने वाला एक खाली डंपर आया और पीछे से उसमें घुस गया। हादसे में डंपर का चालक सीट और ट्रक के बीच में फंस गया। जन सहयोग से उसे बाहर निकाला गया तब उसके सीने पर चोट लगने साथ पैर भी फ्रेक्चर हो गया। उसे तत्काल अस्पताल के लिए भेजा गया, संभवत : बीच रास्ते उसकी मौत हो गई। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 61 साल के पीपाड़ शहर निवासी आमली का बास निवासी मांगीलाल पुत्र जालाराम के रूप में की गई है।

# रावत ने किया भाद्राजून सी.एच.सी. का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत नीति आयोग की ओर से आशान्वित ब्लॉक आहोर के लिए नियुक्त केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग भारत सरकार के निदेशक अरविन्द रावत ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाद्राजून का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं देखी।

केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी अरविन्द रावत ने सीएचसी में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति रजिस्टरों की जाँच करने के साथ ही रजिस्ट्रेशन काउन्टर, मेडिकल वार्ड एवं अस्पताल का निरीक्षण कर बीसीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया करवाने के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आहोर का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने लू-तापघात व मौसमी बीमारियों के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करते हुए मरीजों का सुविधापूर्ण माहौल में उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने, दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए उनके रख-रखाव को लेकर चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी ने लू-तापघात के रोगियों के लिए बनाये गये डेडिकेटेड वार्डों का निरीक्षण कर कूलर, एसी व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में बर्फ, ओरआरएस, ड्रिपसेट, फ्लूड एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों व कार्मिकों को हीट वेव व लू से प्रभावित मरीजों को अविलम्ब उपचार मुहैया करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का फीडबैक लेते हुए सुविधापूर्ण माहौल में उपचार मुहैया करवाने के लिए चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया।

आहोर उपखण्ड अधिकारी रोहित चौहान, बीसीएमओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह सहित कई जने उपस्थित रहे।

# 43 करोड़ 96 लाख रुपए की कार्य योजना का अनुमोदन

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम की वर्ष 2026-27 की कार्य योजना की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को जिला कलेक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल के साथ ही योजना से संबंधित लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारी व सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी उपस्थित थे।

जैसलमेर विधायक भाटी ने कहा कि इस योजना में सीमा क्षेत्र के विांशदों की आधारभूत सुविधाओं जैसे सडक, पानी, बिजली, चिकित्सा व शिक्षा जेसे क्षेत्रों के कार्यो को अधिक से अधिक कार्ययोजना में समाहित करे ताकि सीमा के गांव का सर्वागीण विकास हो एवं लोगों को बेहतर सुविधाएं मिले। उन्होंनें सीमा के गांवों के विांशदों की जरूरत की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए कार्यो को लेने पर विशेष बल दिया। उन्होंने लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे योजना में जो कार्य ले उसकी समीक्षा एवं चर्चा जनप्रतिनिधियों के साथ अवश्य ही करे।

अनुपमा जोरवाल ने बैठक में मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम की गाइडलाइन के अनुरूप कार्यो को लेने के लाइन डिपार्टमेंट को निर्देश दिये। उन्होंनें विशेष रूप से जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पेयजल के कार्य स्थानीय आवश्यकता अनुरूप एवं वहां की पानी की फिजिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए कार्य ले ताकि आगे किसी भी प्रकार की समस्या नही रहे। उन्होनें योजना में सीमावासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यो को कार्ययोजना में लेने के निर्देश दिये ताकि उनको इस योजना से सुविधा का पूरा-पूरा लाभ मिले।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी ने बताया कि योजना में जिले की पंचायत समिति मोहनगढ के 7 गांव, नाचना के 14, एवं सम के 110 गांव शामिल है। 131 गांव के लिए कार्य योजना बनाई है। उन्होंनें योजना से संबंधित वितीय प्रावधानों, ाुमत कार्यो एवं गैर अनुमत कार्यो की भी जानकारी दी। उन्होंनें वितीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना 43 करोड 96 लाख रुपये की अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की, जिसका अनुमोदन किया गया।

## भजनलाल शर्मा का दौरा आज से

**जालोर**, (कासं)। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 13 व 14 मई जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे रानीवाड़ा विधानसभा के पंसेरी में ग्राम विकास चौपाल में शिरकत करेंगे।

प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 13 मई को सायं 4.30 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर सायं 5.20 बजे जसवंतपुरा तहसील के पंसेरी में बनाए गए हैलीपैड पर उतरेंगे। सायं 5.25 बजे हैलीपैड से रवाना होकर सायं 5.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंसेरी (जसवंतपुरा) पहुंचेंगे। जहाँ वे ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा रात्रि विश्राम पंसेरी में करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 14 मई को प्रातः भ्रमण के उपरांत प्रातः 10 बजे पंसेरी से रवाना होकर प्रातः 10.05 बजे हैलीपैड पहुंचेंगे तथा प्रातः 10.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा डांगावास (मेड़ता) के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बुजुर्ग पिता बेटे को बचाने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा

**फलोदी**, (निसं) । जिले के सोनलपुरा गांव के ग्रामीण बडी संख्या में मंगलवार दोपहर को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय फलोदी पहुंचे। जहां उन्होंने निष्पक्ष जांच करवाकर गांव के एक युवा का नाम एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एफ.आई.आर. से हटाने की मांग को लेकर पीडित पिता सहित गांव के सरपंच व बुजुर्ग प्रबुद्धजनों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा।

पिता सुखराम ने बताया कि कि मेरा बेटा नाथूराम जो महज 20 साल का युवा है,साथ वो अभी विद्यार्थी जीवन में है और वर्तमान में सुगन पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढाई करता है जो पढाई के सिलसिले में अधिकतर समय फलोदी में ही रहता है। ग्रामीण बुजुर्ग जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह के कार्यालय में उपस्थित होकर पुलिस थाना, बाप में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले की लेकर बताया कि उस मामले में मेरे पुत्र को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि मौके पर ना तो मेरा पुत्र मौजूद था और ना ही मेरे घर व खेत में उक्त मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद हुआ है। मेरे बेटे के खिलाफ दर्ज किया गया मामला झूठा है और उसे सरासर झूठा फंसाया गया। पीडति पिता सुखराम के साथ उनके गांव सोनलपूरा सरपंच भंवर राम व मो?किया सरपंच फरसाराम, भाजपा नेता हरी माडपुरा,राष्ट ीय किसान संघ महा मंत्री शीशपाल सहित बुजुर्ग ग्रामीण जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक से युवा नाथूराम की बेवजह डोडा पोस्त मामले में फंसाने पर उसके भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग जाने व उसका पूरा जीवन अपराधिक लेबल के साथ खराब होने से बचाने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक से वार्ता की गई। पीडति पिता सुखराम व सरपंच भंवर राम ने बताया कि हमने जिला पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह से वार्ता कर युवा नाथूराम के विद्यार्थी जीवन पर लांछन को बचाने की प्रार्थना की है जिसपर हमें स्कार्टम कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# पाली में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले नर्सिंगकर्मियों ने पाया सम्मान

**पाली**, (नि.सं.)। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पाली के अधीन कार्य कर रहे नर्सिंग संवर्ग के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस महोत्सव का आयोजन माली समाज भवन में किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस आयोजन समिति,पाली द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भण्डारी, बीसीएम ठ्रुप के निदेशक मगराज संकलेचा, बांगड़ चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. कैलाश परिहार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीत कुमार गुर्जर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. वेदांत गर्ग अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के संयोजक एवं एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी. सैनी ने बताया कि आधुनिक नर्सिंग की जननी सुश्री फ्लोरेन्स नाईटिंगेल के जन्म दिवस को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप में वर्ष 1974 से लगातार मनाया जाता है, जिन्होंने आधुनिक नर्सिंग की परिकल्पना की थी तथा नर्सेज को चिकित्सा दल के एक अतिमहत्वपूर्ण सदस्य के रूप में मान्यता दिलवाई थी। अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज कौन्सिल द्वारा प्रत्येक वर्ष नर्सेज दिवस पर एक थीम प्रदान की जाती है, इस वर्ष की नर्सेज दिवस की थीम ''अवर नर्सेज-अवर फ्यूचर रू एम्पावर्ड नर्सेज सेव लाईव्ज'' प्रदान की गई।

सैनी के बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा आधुनिक नर्सिंग की जननी सुश्री फ्लोरेन्स नाईटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुश्री फ्लोरेन्स नाईटिंगेल के जीवन परिचय के बारे में जानकारी राजकीय नर्सिंग कॉलेज,पाली के प्राचार्य रमेश सोलंकी द्वारा प्रदान की गई तथा उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो से उपस्थित नर्सेज को अवगत करवाया ताकि वे उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चल कर नर्सिंग व्यवसाय को और अधिक ऊँचाईयों पर ले जा सकें तथा नर्सिंग सेवाओं में गुणवत्ता बढाने में नर्सेज का प्रभावी योगदान प्राप्त हो सके।,

कार्यकम के दौरान नर्सिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 72 नर्सिंगकर्मियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित हुये सभी सेवानिवृत नर्सिंग कर्मचारियों का अभिनन्दन कर उन्हें भी स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान ए.एन.एम. प्रशिक्षण की प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नशामुक्ति पर लघु नाटिका का मंचन किया गया तथा कृष्णा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भी सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर नाटिका प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सुनिल भण्डारी ने अपने सम्बोधन में नर्सेज द्वारा किये जा रहे कार्यों की खुले दिल से प्रशंसा की तथा चिकित्सा विभाग की मजबूत कड़ी से सम्बोधित किया। उन्होंने कोरोना काल में नर्सेज द्वारा किये गये कार्यों की भी तारीफ की तथा सभी को शुभकामनायें दी।

उन्होंने बताया कि नर्सेज ना सिर्फ मानव सेवा का कार्य कर रहीं हैं, बल्कि वे अपरोक्षरूप से देष सेवा का भी कार्य कर रहे हैं। नवचयनित नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों ने मोमबत्तियां जला कर फ्लोरेन्स नाईटिंगेल की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान रमेश परिहार, रामचन्द्र तोशावरा, हेमसिंह, डूंगरराम मेघवाल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सुगनराम गौड़, भूपेन्द्र कुमार बोस, राजुदास वैष्णव, कमल किशोर गहलोत, पारसमल कुमावत, दिनेश मीणा, रमेश सोलंकी, बाबु लाल, जेठाराम सियाग, हिमान्शु सोनी, महेन्द्र कुमार, महेश राठौड़, मोहम्मद सत्तार, मोहसिन टाक, कुलदीप व्यास सराहनीय योगदान रहा। मंच संचालन के.सी. सैनी, राजुदास वैष्णव ने किया।

आयोजन समिति के सुगनराम गौड़ ने आभार प्रकट किया। राजस्थान नर्सेज एसोसियेशन के जितेन्द्र भार्गव ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सोजतसिटी में करने की घोषणा की, जिसका सभी ने स्वागत किया।

## सहयोग का कार्यक्रम 23 को

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के सायला उपखंड क्षेत्र के ऊनडी में आगामी 23 व 24 मई को राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्था का कुरीतियों के खिलाफ कार्यक्रम होगा। संस्थान के विक्रमसिंह भुण्डवा ने बताया कि पूर्व तैयारी को लेकर रविवार को रानीवाडा स्थित राजपूत छात्रावास में बैठक हुई।


शिक्षा विभाग राजस्थान

**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मेडा उपरला**

जिला-जालोर (राज.)

क्रमांक-रा.उ.मा.वि.मेडा उपरला/688 दिनांक-12.5.26

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय विद्यालय के चार क्षतिग्रस्त एवं जर्जर कक्षा-कक्षों को गिराकर समतल करने हेतु पंजीकृत संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। कक्षा कक्षों को गिराकर उपयोग करने योग्य निर्माण सामग्री संवेदक की रहेगी न्यूनतम बोलीदाता को निविदा आंवटित की जावेगी। शेष शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के अधीन रहेगी। अंतिम तिथि संविदा प्रस्तुत करने की 18.5.2026 सायं 5 बजे तक रहेगी।

प्रधानाचार्य, राजकीय उ.मा.विद्यालय, मेडा उपरला (जालोर)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रेवत पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक / ग्राप / मनरेगा / 2026-27/9 दिनांक : 11/05/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत रेवत के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना/वीबी जी रामजी योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता (ओ)/ विक्रेता (ओ) / फर्मो / संवेदकों/आपूर्तिकर्ताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

NIB No.-ZJR2627A0144 UBN NO.-ZJR2627GLOB00170

(रेखा देवी) प्रशासक, ग्राम पंचायत रेवत, पंचायत समिति जालोर

(महेन्द्र बालोत) ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रेवत, पंचायत समिति जालोर